Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
APEM LIVE NEWS सच का साथी
दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 08-06-2023 अंक 588
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### लिटिल फ्लावर के छात्र एवं छात्राओं ने नौवीं की परीक्षा में लहराया परचम



**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही में संचालित लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल के छात्र - छात्राओं ने नौवीं की परीक्षा में बेहतर परिणाम लाकर अपने विद्यालय के साथ - साथ गुरुजनों का भी मान बढ़ाया है। वहीं विद्यालय की निखत प्रवीण ने सबसे बेहतर परिणाम लाकर विद्यालय की ट०पर बनी। विद्यालय के संचालक बीरेंद्र कुमार ने बताया की हमारे विद्यालय से नौवीं की परीक्षा में कुल 10 बच्चे शामिल हुए थे। जिसमे सभी बच्चों ने ए ग्रेड लाकर स्कूल का मान बढ़ाया है।

### बालूमाथ में जल संकट गहराया



**अपेम लाइव : लातेहार**

बालूमाथ/लातेहार : जैसे से गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे वैसे लोग पीने के लिए तरस रहे हैं। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय मैं दर्जनों ऐसे गांव है जहां चापानल कुछ सूख गए हैं तो कुछ खराब पड़े हुए हैं। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में डीएमएफटी तथा अन्य संस्थाओं के माध्यम से सैकड़ों जल मीनार लगाए हैं लेकिन वह भी हाथी के दांत साबित हो रहे हैं ।जल मीनार वर्ष 2019-20 में लगाया गया था कुछ लगाने के पश्चात ही खराब हो गया तो कुछ वर्ष 2021-22 से खराब पड़ा हुआ है ।वर्ष 2023 की गर्मी का मौसम अंतिम चरण में है लेकिन इसका सुध लेने वाला कोई नहीं है ।इस सम्बन्ध में सरपंच ने बताया कि हमारे पास इसकी कोई मरम्मत की व्यवस्था नहीं है ।वहीं शहरी क्षेत्र में पाइप लाइन के माध्यम से जल पहुंचाना था लेकिन 2 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी जल के लिए लोग तरस रहे हैं ।पाइप लाइन के सारे लोग कनेक्शन ले चुके हैं ।उनके यहां टूटी लगी हुई है पर वह कोई काम का नहीं है ।सरकार का पैसा यूं ही बंदरबांट हो रहा है।

### युवाओं में बढ़ती आत्महत्या बनी चिंता की सबब : प्रयाग प्रसाद



**अपेम लाइव : बरही**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी सहकारिता विभाग बरही विधानसभा सचिव प्रयाग प्रसाद ने बरही में लगातार बढ़ रही आत्महत्या की मामला पर चिंता जताते हुए कहा की आज भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर लोग मानसिक तनाव में रहते है। तनाव की वजह से आत्महत्या करने की घटनाएं बढ़ रही है। कोई पारिवारिक विवाद को लेकर तनाव में है तो कोई कारोबार को लेकर है। ऐसे हालात में लोग अपनी जिंदगी को दांव पर लगा रहे है। बरही में अब तक इस प्रकार की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। जो बरही के साथ - साथ समाज के लिए चिंता का विषय है। जिसको लेकर उन्होंने कहा की आत्महत्या जैसी खतरनाक प्रवृति को रोकने और इसके खिलाफ लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 10 सितंबर को 'वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे' मनाया जाता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की आत्महत्या जैसी मामला को रोकने के लिए समाज के हर एक जिम्मेदार व्यक्ति को सामने आने की जरूरत है। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस बात से जागरूक हो सकें और आत्महत्या जैसे मामला में कमी लाई जा सके।

APEM LIVE

# हाइवा में तोरणद्वार का मलबा गिरने से विष्णुगढ़ के ड्राइवर की मुंबई में मौत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



मृतक मोतीलाल सोरेन की फाइल फोटो



मुंबई में तोरणद्वार के गिरने से क्षतिग्रस्त हाइवा

हाइवा में तोरणद्वार का मलबा गिरने से दबकर विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर की मौत मुंबई में हो गई। मृतक विष्णुगढ़ के जोबर गांव निवासी 32 वर्षीय मोतीलाल सोरेन पेशे से हाइवा ड्राइवर था। बताया जाता है कि घर की खराब माली हालत को देखते हुए वे बीते छह माह पूर्व मुंबई कमाने के लिए गए थे। मुंबई के कल्याण में रहकर वे हाइवा में ड्राइवर का काम कर रहे थे। बीते बुधवार की रात को हाइवा में लदे कंस्ट्रक्शन मेटेरियल को वे अनलोड कर रहे थे। इसी दौरान हाइवा का हाइड्रोलिक डाला अनियंत्रित होकर ऊपर एक कंक्रीट निर्मित तोरणद्वार से टकरा गया। जिससे तोरणद्वार का मलबा धराशाई होकर हाइवा के केबिन में गिर गया। भारी मलबा के गिरने से हाइवा के केबिन में बैठे ड्राइवर की मौके पर दबकर दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही घटना की जानकारी घरवालों को मिली, सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों की करुण चीत्कार से गांव का माहौल भी गमगीन हो गया। मृतक के परिवार में पिता रगाई सोरेन, बूढ़ी मां, पत्नी आरती देवी, पुत्र नीतिश सोरेन तथा पुत्री मनीषा सोरेन हैं। वहां काम कर रहे गांव के अन्य लोगों से समझौता के बाद गुरुवार को हाइवा मालिक ने मृतक की पत्नी के खाते में चार लाख रुपये सांत्वना राशि भेज दिया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को पैतृक गांव पहुंचने की संभावना है। घटना को लेकर प्रवासी समाजसेवी सिकंदर अली ने संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड में रोजगार के अभाव में युवा कमाने दूसरे प्रदेशों में जाते हैं। आए दिन उनके साथ हादसे होते रहते हैं। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध झारखंड के लोगों के लिए यह बड़ी विडंबना है। सरकार को इसपर सकारात्मक पहल करनी चाहिए।

# टेंपो के दुर्घटना में 1 महिला की मौत, आधा दर्जन से लोग अधिक घायल

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआडांड़ चंपा पथ के मेराम घाटी में टेंपो के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक महिला की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन से लोग अधिक घायल हो गए ।इस दुर्घटना में महुआडांड़ थाना क्षेत्र के अंमवाटोली पंचायत के ग्राम गुरगुटोली निवासी खतीजा बीबी (55) पति स्व. नेयाजुल खान की मौत घटनास्थल पर हो गई। साथ ही मृतक महिला का बेटा हसीब खान (25) घायल हो गया ।इसके अलावा चंपा ग्राम के बराती देवी, पति जगदीश लोहरा, ज०न तिर्की, पति श्रीरिल लकड़ा, रोमिस लकड़ा, पिता सिरील लकड़ा, सुशीला देवी, पति विमल मुंडा फ्रांसिस्का केरकेट्टा, पति स्वर्गीय पात्रिक लकड़ा को हल्की चोट आई जो घायल हुए, इग्नेशिया लकड़ा उम्र 60 पति अलगजेन्डा टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गए । सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया। जहां इग्नेशिया लकड़ा की प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु लातेहार सदर अस्पताल रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार खतीजा बीबी और उसका बेटा बुधवार को छत्तीसगढ़ के क्रोनधा बाजार (हाट) करके खुद के अ०टो से महुआडांड़ लौट रहा था ।वही गुरुवार को महुआडांड़ साप्ताहिक छोटा बाजार लगता है। जहां चंपा में गाड़ी रूकने पर अन्य लोग महुआडांड बाजार आने के लिए बैठे ।मेराम घाटी में टेम्पो अनियंत्रित होकर पलटी कर गई। ज्ञात हो कि इससे पूर्व में भी इसी घाटी में दर्जनो गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है। जिसमें कई लोग की मौत हो गई। इस सड़क का निर्माण कार्य 2020 में पूर्ण हुआ। इस सड़क का निर्माण पहाड़ काटकर किया गया। लेकिन सही ढंग घाटी निर्माण नही हो पाने के कारण इस सड़क पर दुर्घटना हो रही है। इसे देखते हुए प्रशासन के द्वारा चंपा मैं एक साइन बोर्ड लगाया गया है। जिसमें भारी वाहनों का इस सड़क पर प्रवेश बंद है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## अंचल स्तरीय तीन दिवसीय मासिक व्यास अभ्यास वर्ग का अयोजन , हरि कथा योजना पर हुई चर्चा

### ग्राम स्तर से प्रभाग स्तर पर होगी संगीत मंडली प्रतियोगिता का अयोजन, होंगे पुरस्कृत

**अपेम लाइव : बरही**



अंचल व्यास अभ्यास वर्ग में शामिल लोग

एकल अभियान हजारीबाग अंचल की ओर से बरही अंचल कार्यालय में तीन दिवसीय अंचल स्तरीय मासिक व्यास अभ्यास वर्ग का अयोजन किया गया। इस अभ्यास वर्ग में संभाग व्यास मनोज महतो मुख्य रूप से शामिल हुए। अभ्यास वर्ग का शुभारंभ संस्कार प्रभारी किशोरी मोहन पांडेय ने किया। इस अभ्यास वर्ग की अध्यक्षता अंचल व्यास सुनील कुमार ने किया। इस मासिक व्यास अभ्यास वर्ग में अंचल व्यास एवं संच व्यास के द्वारा मासिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। साथ ही आगामी माह में किए जाने वाले हरि कथा योजना की पर गहन चर्चा की गई। इस अभ्यास वर्ग में सभी संच व्यास को निर्देशित किया गया की सभी अपने अपने संच के एकल ग्राम में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन कर सनातन संस्कृति के प्रति आम लोगों को जागरूक करेंगे। इसके साथ ही विद्यालय ग्राम के बच्चों को भी अपनी सनातन संस्कृति की शिक्षा प्रदान करेंगे। संभाग व्यास मनोज कुमार महतो ने बताया की एकल अभियान के तहत ग्राम स्तर से प्रभाग स्तर पर संगीत मंडली प्रतियोगिता का अयोजन किया जाना है। इसमें ग्राम स्तर पर संचालित संगीत मंडली के बीच प्रतियोगिता होगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी संच स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले अंचल, फिर भाग उसके बाद संभाग से लेकर प्रभाग तक पहुंचेंगे। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत किए जाएंगे। मौके पर मौके पर कटकमसांडी संच व्यास शंकर तिवारी, पदमा संच व्यास मोहित पाठक, चंदवारा संच व्यास उमा देवी, केरेडारी संच व्यास प्रतिमा देवी, चुरचू संच व्यास अजय यादव, अभियान प्रमुख मनोज कुमार , भाग कार्यालय प्रमुख मनोज कुमार, किशोरी मोहन पांडेय सहित कई धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

## स्थानीय नियोजन नीति को लेकर युवाओं को एकजुट होने की जरूरत : संजय मेहता

### नियोजन नीति को लेकर युवाओं की बैठक, बनी प्रखंड कमेटी, सिकंदर अध्यक्ष

**अपेम लाइव : बरही**



नियोजन नीति को लेकर बैठक करते बरही के युवा

बरही से नियोजन नीति को लेकर बरही प्रखंड के अब्दुल कलाम पार्क में एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नितेश कुमार ने किया। बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी संजय मेहता मौजूद रहे। बैठक में आंदोलन को धार देने का निर्णय लिया गया। साथ ही नियोजन नीति को लेकर बरही क्षेत्र में जन जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि बरही अनुमंडल क्षेत्र के सभी शैक्षणिक संस्थाओं, निजी विद्यालय संघ, कोचिंग संस्थान, शिक्षक, छात्र, छात्रा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा, इंटर, स्नातक के छात्र समेत बुद्धिजीवियों, पंचायती राज के प्रतिनिधियों को आंदोलन से जोड़ा जाएगा। आंदोलन को आगे ले जाने को लेकर एक कमिटी बनायी गयी। कमिटी का संरक्षक संजय मेहता को चुना गया। इसके साथ ही अध्यक्ष सिकंदर कुमार, सचिव राजेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष अंकित कुमार, मीडिया प्रभारी विनय कुमार को बनाया गया। कार्यकारिणी में नितेश कुमार, मोहम्मद शाहबाज, अंकित कुमार चंद्रवंशी, छोटी कुमार साव, विनय कुमार गुप्ता, टुकलाल साव, अरुण कुमार, शिबू कुमार, पंकज कुमार व अन्य लोगों का नाम शामिल है। पंचायती राज प्रतिनिधि के तौर पर करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार मौजूद रहे। उन्हें भी संरक्षक चुना गया। मौके पर नियोजन नीति को लेकर 10 और 11 जून को आह्वान किये गए झारखंड बंद का समर्थन किया गया। बैठक में उपस्थित झारखंडी नौजवानों ने एक स्वर में कहा कि झारखंड की नियोजन नीति झारखंडी भावनाओं के अनुरूप होनी चाहिए। बैठक में नियोजन नीति नहीं होने से हो रहे नुकसान पर विस्तार से चर्चा की गयी। समाधान के लिए सरकार पर दबाव बनाने का सामूहिक निर्णय लिया गया।

## बरही : बेरोजगार युवक व युवतियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड परिसर में स्थित नगर भवन में बेरोजगार युवक व युवतियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि टीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अरुण साहू ने कहा की झारखंड कौशल विकास योजना पूरे राज्य में बेरोजगार युवक-युवतियों के रोजगार के लिए बेहतर कार्य कर रहा है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवाओं को नौकरियां भी मिलती हैं जिससे ये अपने पैरों पर खड़ा हो पाने और एक अच्छा जीवन जीने की और अग्रसर होते हैं । बरही में भी काफी बेरोजगारी है बरही के युवाओं को इससे काफी लाभ मिलेगा। यहां के युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करेंगे और बरही खुशहाल होगा। वहीं झारखंड कौशल विकास के बरही के प्रबंध निदेशक ने बताया कि कौशल विकास कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ नौकरी दिलाना नहीं, बल्कि उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना भी है। इस निमित्त जिन्हें प्लेसमेंट की आवश्यकता है, उन्हें प्लेसमेंट दिलाया जाता है और इसके अतिरिक्त अन्य लोगों को विभिन्न तरह से मदद देकर स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित किया जाता है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। समय-समय पर जिला कौशल कमेटी के माध्यम से इसकी म०निटि. रंग भी की जाती है और सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षण के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि अभ्यर्थियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षित किया जाए। यह कार्यक्रम महिलाओं को भी प्रोत्साहित करने के लिए अग्रणी है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में कौशल विकास मंत्रालय विशेष कार्य कर रहा है । देश के आर्थिक विकास में महिलाओं की भागीदारी अधिक से अधिक हो सके, इसको लेकर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत अलग से भी कई कार्यक्रम कराए जाते हैं । जिसमें महिलाओं की अच्छी भागीदारी देखने को मिलती है। मौके पर विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, बरही मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव, टीएसएस के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, छोटी राम एवं बिनोद कुमार सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## बरही : भाजपाइयों का विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा की बैठक सम्पन्न

### 14 जून को होगा विधानसभा स्तरीय महासम्मेलन





**अपेम लाइव : बरही**

बरही पश्चिमी पंचायत भवन में गुरुवार को विधानसभा स्तरीय भारतीय जनता पार्टी संयुक्त मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाउपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी व संचालन सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद प्रतिनिधि अनूप वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में किसान मोर्चा जिलाअध्यक्ष, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं जिला मीडिया प्रभारी रिंकी उर्फ सुषमा विश्वकर्मा सहित कई अन्य शामिल हुए। सभी अतिथियों को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। सभी अतिथियों ने बारी - बारी से बैठक को संबोधित किया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनूप वर्मा ने कहा की बरही में 14 जून को विधानसभा स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में बरही विधानसभा के मंडल के सातों मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भी मौजूद थे। बैठक में होरिल प्रसाद राम मंडल अध्यक्ष चंदवारा, सहोदरी देवी महिला मोर्चा अध्यक्ष चंदवारा, अनिता देवी महामंत्री महिला मोर्चा चंदवारा, नंदकिशोर सोनी प्रखंड महामंत्री चंदवारा, मुन्ना कुमार बर्नवाल चंदवारा मंडल, नवलकिशोर सिंह बरही पश्चिमी मंडला उपाध्यक्ष, दिनेश साव, मनोज कुमार साव, कैलाश यादव, अशोक यादव, लाला पासवन, बालमुकुंद साव, महावीर साव, राजकुमार यादव, खूबलाल साव, सकलदेव, संतोष पासवान, कृष्णा कुमार पासवन, संतोष पासवन एवं नागेश्वर रजक मुख्य रूप से मौजूद थे।







दिनांक: 08-06-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज संः 03

## युवा नेता उमेश यादव ने मंत्री बादल पत्रलेख से मिलकर क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराया

**अपेम लाइव चंदवारा**



जयनगर प्रखंड। बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर जनाधिकार संघर्ष मोर्चा के युवा नेता उमेश यादव के नेतृत्व में झारखंड सरकार के मंत्री बादल पत्रलेख से मिलकर प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन दिया। मंत्री बादल पत्रलेख ने सकारात्मक आश्वासन दिये की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। मौके पर इंटक जिला अध्यक्ष अरुण यादव, अनिल कुमार, जगरनाथ यादव, महावीर यादव, मिथलेश राय, रंजीत सिंह, राजेश यादव मौजूद थे।

## आदिवासी सेंगेल अभियान की बैठक में भारत बंद आह्वान का किया गया समर्थन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



विष्णुगढ़ के जम्बुआ में आदिवासी सेंगेल अभियान की बैठक में शामिल लोग

आदिवासी सेंगेल अभियान विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड के जंबुआ गांव में प्रखंड सेंगेल अध्यक्ष बाबुचंद हेम्ब्रम की अध्यक्षता में हुई। बतौर मुख्य अतिथि आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने कहा कि प्रदेश में आदिवासियों के अस्तित्व पर चारों ओर से हमला किया जा रहा है। हमारी हासा-भाषा, जाति, धर्म, सम्मान, आबादी, नौकरी आदि लूट रही है। इस अस्तित्व को बचाने के लिए एकमात्र आदिवासी नेता पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में आंदोलन जारी है। उनके नेतृत्व में आगामी 15 जून को पांच मांगो को लेकर भारत बंद का आह्वान किया गया है। इसके अलावा संताल हूल दिवस 30 जून को विश्व सरना धर्म कोड जनसभा का आयोजन कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में होगा। जिसमें झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, उड़ीसा, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश समेत नेपाल, भूटान तथा बांग्लादेश से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज का जुटान होगा। जिसमें सालखन मुर्मू के नेतृत्व में आदिवासी समाज के सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक आजादी का बिगुल फूंका जाएगा। इसमें सभी को समर्थन देते हुए आंदोलन में शामिल होने की अपील की गई। मांगों में सरना धर्म कोड, संथाली को राज्य में प्रथम राजभाषा, मरांगबुरू को आदिवासी धर्मस्थल घोषित करने, कुड़मी को आदिवासी सूची में शामिल नहीं करने तथा आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को जनतंत्र व संविधान के अनुरूप लागू करने की मांग शामिल है। बैठक को सेंगेल सरना धर्म मंडवा प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार मुर्मू, बोकारो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता सोरेन, हजारीबाग जिलाध्यक्ष बहाराम हांसदा ने भी संबोधित किया। बैठक में राजाराम बेसरा, फेनीराम मांझी, महेश टुडू, तालो मांझी, श्यामलाल मांझी, राजमोहन टुडू, बेनी देवी, आशा देवी, बिरसी देवी, मुंद्रिका देवी, गीता देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## ओबीसी को आरक्षण की मांग को लेकर मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिला मुख्यालय के मतनाग में राज्यपाल के जनसंवाद कार्यक्रम में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के द्वारा लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण देने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। लातेहार जिले में ओबीस समूदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर मोर्चा के सत्येंद्र कुमार यादव ने खुले मंच से राज्यपाल से मांग की। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला बनने से पूर्व पलामू जिला में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता था। 2001 में लातेहार जिला बनने के पश्चात लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण को शून्य कर दिया गया, जबकि यहां पर ओबीसी की आबादी लगभग 50 फीसदी है। यहां के ओबीसी समुदाय के साथ यह घोर अन्याय है। झारखंड के अन्य 13 मेसो क्षेत्र जिले में से 6 जिले में ओबीसी आरक्षण दे दिया गया है। फिर लातेहार जिला के ओबीसी के साथ यह अन्याय क्यों। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा यह मामला मेरे संज्ञान में है और मैं इस मामले को उच्च स्तर पर रखकर बात करूंगा। निश्चित रूप से ओबीसी एससी एसटी को उनके जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिलना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में कार्यकारी जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता प्रखंड अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव से सत्येंद्र कुमार यादव वीरेंद्र यादव प्रमोद कुमार यादव कन्हाई यादव नेपाल यादव विकेश कुमार यादव अख्तर अंसारी रामप्यारी यादव सूरज यादव अरविंद यादव राजेंद्र यादव निर्मल यादव सत्येंद्र यादव बालदेव यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## फ्रांस के राजदूत ने बड़कागांव पकरी बरवाडी कोल माइन्स परियोजना का किया निरीक्षण

### राजदूत ने माइंस पहुंचकर माइंस का किया अवलोकन






**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का फ्रांस का भारत में राजदूत, इमैनुएल लेनीन ने दौरा किया। इस दौरे में उन्होंने परियोजना से जुड़ी कई विकास योजनाओं के बारे में जानकारी ली साथ ही परियोजन में हो रहे खनन कार्यों को माइन व्यूप्वाइंट पर जाकर देखा। फ्रांसीसी राजदूत को इस दौरान परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने खनन गतिविधियों के बारे में जानकारी दी । साथ ही यह भी बताया कि पकरी बरवाडीह के द्वारा कैसे सभी मापदंडों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जा रहा है। व्यूप्वाइंट को देखने के बाद राजदूत माइंस को और करीब से देखने के लिए खदान तक पहुंचे जहां से उन्होंने सभी गतिविधियों को गहनता से देखा, परखा। माइंन विजिट के बाद एंबेसडर सिकरी साइट ऑफिस स्थित कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ मुलाकात की। यहां पर उनका औपचारिक स्वागत पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने किया। इस दौरान फ्रांसीसी राजदूत ने विभाग अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज के बदलते दौर में प्रसांगिक रहना बेहद चुनौतीपूर्ण है लेकिन एनटीपीसी ने बीते कई सालों से अपने क्षेत्र में अग्रिम भूमिका निभाकर एक बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपने संबोधन में जहां देश को रोशन करने के लिए एनटीपीसी की सराहना की वहीं एक प्रोग्रेसिव सोच के तहत उन्होंने कहा कि हमारी बातचीत आज ही एनपीसीआईएल न्यूक्लियर पावर क०पोंरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से हुई है हम इस क्षेत्र में भी बहुत बेहतर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया के कई देशों से कोयला आयतित करता है ऐसे में उर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए आधु. निक तकनीकों को अपना जरूरी है। एक दिवसीय दौरे में भारत में फ्रांस के राजदूत, इमैनुएल लेनीन के अलावा कॉन्सुल जनरल ऑफ फ्रेंच इन कोलकाता दीदीयर तपेन के अलावा कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

# भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : भाजपा की विधान सभा स्तरीय हरली विवाह मंडप में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भोजन एवं चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो एवं संचालन हजारीबाग जिला महामंत्री सुनील साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई, विशिष्ट अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, नरेंद्र सिंह राणा ,मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, पुर्व विधायक लोकनाथ महतो आदि लोगों दीप प्रज्वलित कर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर शुरुआत किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं पुराने कार्यकर्ताओं को श०ल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार, संगठन से संबंधित एवं आम जनमानस से जुड़े कई समस्याओं पर विचार लिया गया। कार्यकर्ताओं से विचार लेने के बाद मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपाई ने कहा कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने पूरे देश में एक महीना का कार्यक्रम तय किया है। इस कार्यक्रम में बुथ स्तर पर ही नहीं बल्कि डोर टू डोर चौखट से लेकर चूल्हा तक केंद्र सरकार की योजनाओं को आम जनमानस के बीच पहुंचाना है। भाजपा का जो भी कार्यकर्ता है वह सभी बूथ स्तर तक इमानदारी पूर्वक काम करते हैं। पार्टी का किसी भी तरह की शिकायत पार्टी के कार्यक्रम में हर कार्यकर्ताओं का उठाना चाहिए ना कि चौक चौराहों में चर्चा परिचर्चा करने की। किसी भी शिकायत को केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक प्रकार की योजना पूरे देश में केंद्र सरकार द्वारा लोगों को लाभान्वित कर रही है। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, नल जल मिशन योजना, दलित गांव को आदर्श गांव का निर्माण करना, अटल पेंशन योजना,




जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना जो आम जनमानस के लिए दुर्लभ थी संचालित की गई है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सिर्फ भ्रष्टाचार की सरकार चल रही है जिसे 2024 में उखाड़ फेकना है। नरेंद्र सिंह रैना ने कहा कि पार्टी का कार्यक्रम 10 लाख 52 हजार बूथ तक डोर टू डोर ले जाने का लक्ष्य निर्धारित है। भाजपा ही एक लोकतंत्र पर आधारित ऐसी पार्टी है जो आम कार्यकर्ताओं की है, बाकी अन्य पार्टी सिर्फ और सिर्फ परिवार के विकास के लिए राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश को पूरे विश्व में मान सम्मान बड़ी है। ऐसे प्रधानमंत्री को देश के सभी चोर- चोर मौसेरे भाई एक साथ मिलकर हटाने के लिए एक मंच पर आ रहे हैं, लेकिन हजारीबाग जैसे लोकसभा से पुनः भाजपा का सांसद बनाते हुए केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार एवं हजारीबाग सांसद का 9 साल बेमिसाल रहा। सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास नारा के साथ देश एवं हजारीबाग आगे बढ़ रहा है। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा का उपलब्धि पतरातु में बंद पड़े 4000 मेगा वाट का थर्मल पावर को चालू कराने, हजारीबाग में मेडिकल क०लेज का स्थापना, विभिन्न कंपनियों को स्थापित कर रोजगार मुखी योजना चलाने की बात कही। श्री सिन्हा ने कहा कि झारखंड की निकम्मी सरकार के कारण इस गर्मी में बिजली की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। साथ ही साथ केंद्र सरकार की योजनाओं को यह निकम्मी सरकार कोई सहयोग नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि बड़कागांव में विस्थापन, मुआवजा, गैरमजरुआ भूमि, स्थानीय लोगों को रोजगार की बहुत बड़ी समस्या है जिस पर कार्य करना है। पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे ने कहा कि मेरे लिए हजारीबाग अयोध्या है। अंग्रेजों के जमाने में देश में रहने वाले लोगों को सम्मान नहीं मिलता था आज नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के काल में यहां के प्रत्येक व्यक्ति को विदेश में सम्मान मिल रही है। उन्होंने कहा कि वैसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है जो भाजपा में रहकर रात को सोते हैं सुबह उठते समय किसी अन्य दल के गोदी में जाकर खेलते नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का मान सम्मान सिर्फ और सिर्फ भाजपा में ही मिलती है। हरली के पूर्व मुखिया महेंद्र महतो ने कहा कि हजारीबाग से लोकसभा में नए कार्यकर्ताओं को इस बार टिकट देकर मौका देना चाहिए। कार्यक्रम को विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, राकेश प्रसाद, लोकनाथ महतो, जिला अध्यक्ष अशोक यादव, विधान सभा सांसद प्रति. निधि बालेश्वर कुमार, विधानसभा प्रभारी नारायण चंद्र भौमिक, मनोज कुमार सिंह, दामोदर सिंह, अनिल मिश्रा, ,बड़कागांव मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गुप्ता, केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा, पतरातू मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र करमाली, द्वारा भी पार्टी संगठन हित की बात रखी गई। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो राजेंद्र गुप्ता रामपति राम,मुकुटधारी महतो, बेचन साव, आदित्य साहू सोनी, बद्री नारायण सिंह, प्रीतम साहू, टुकेश्वर प्रसाद, ज्ञानेश्वर शर्मा, महेंद्र महतो, नरेश साव,पूनम साहू, विजय यादव, इंद्र भूषण, मनीष पांडे शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू , नंद किशोर महतो, अशोक साव, त्रिवेणी महतो, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातु मंडल, बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल, बड़कागांव पश्चिमी मंडल एवं केरेडारी मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में उड़ीसा में हुए भीषण रेल दुर्घटना में मरे हुए लोगों का आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## ऋषभ ने 2023 नेशनल गेम में 100 मीटर स्केटिंग में प्रथम स्थान हासिल कर नाम रोशन किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : 2023 नेशनल गेम झारखंड के खेल गांव में एस्कोटिंग में झारखंड का विजेता बड़कागांव बाबूपारा गांव निवासी छात्र ऋषभ अभिजीत (पिता रवीन्द्र कुमार दास) ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए गांव का नाम रोशन किया है। उक्त हास्य जगिया जनकारी पूर्व मुख्य दीपक दास ने दी है उसने 500 मीटर में तीसरा स्थान, 200 मीटर में दूसरा स्थान, एवं 100 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर पर नाम रोशन किया है। अपना घर आने पर लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया एवं डायरी पेन देखा सम्मानित किया। छात्र की सफलता पर



बादम मुखिया सुनीता देवी, बादल पंचायत समिति सदस्य राजा खान , पूर्व मुखिया दीपक दास, जेएसपीएल प्रखण्ड समन्वयक रामप्रकाश, नि. रंजन कुमार, पंचायत समिती सदस्य प्रतिनिधि संतोष मेहता, जेएसपीएल डीईओ अखिलेश सिंह,सीएलएफ अध्यक्ष शांति देवी, सचिव कंचन देवी,कोषाध्यक्ष पूजा रानी,एसोसिएट संजू कुमारी, पिंकी देवी, आरती वर्मा, किरण कुमारी,सुगंती कुमारी, नगीना कुमारी, ग्राम बाबूपारा से बबिता देवी, बासमती देवी, फुलमनी देवी, मीना देवी,रेखा देवी,सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार आदि लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## राज्यपाल पहुंचे लातेहार, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद





**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने लातेहार में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं और उनकी भावनाओं से अवगत हुए। राज्यपाल पलामू प्रमंडल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इसी क्रम में गुरुवार को पहले दिन उन्होंने लातेहार के ग्रामीणों से सीधा संवाद कर कहा कि मैं भी गांव का आदमी हूं और गांव के लोगों की समस्याओं से भलीभांति अवगत हूं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को राजभवन बुलाने के बदले राजभवन खुद ग्रामीणों के पास पहुंच कर उनकी हर समस्याओं को जानने और उसे समाधान करने का प्रयास कर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि यह भारत की एकता का मिसाल है कि तमिलनाडु के एक गांव का रहने वाला व्यक्ति आज झारखंड के गांव में पहुंचकर लोगों से मिल रहा है।उन्होंने कहा कि गांव के विकास होंगे तो प्रखंड का विकास होगा।प्रखंडों के विकास होंगे तो जिला का विकास होगा। इसी प्रकार राज्य और पूरे देश का विकास होगा। राज्यपाल ने कहा कि गांव में आकर ग्रामीणों से संवाद करने का उनका मुख्य मकसद यह है कि ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से जान सके और यह समझ सके कि ग्रामीणों की खुशहाली के लिए और क्या किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश आज हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। हम विश्व के पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हो गए हैं। परंतु हमारा संपूर्ण विकास तभी समझा जाएगा जब गांव के अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुंच सके। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि गांव के विकास के लिए सभी ग्रामीणों को एकमत होकर काम करना होगा और अपनी बात को प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखना होगा।

ग्रामीणों के बीच मुआवजा और परिसंपत्ति का किया वितरणः इस कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने धनबाद बिजली हादसे में मारे गये लातेहार के संजय भुइयां और दिनेश भुइयां के परिजनों को मुआवजे की राशि चेक के माध्यम से प्रदान किया।वहीं समूह की महिलाओं को ऋण की राशि उपलब्ध कराई. जबकि लाभुकों के बीच गाय, ट्राइ. साइकिल समेत कई सामान का भी वितरण उनके द्वारा किया गया।

ग्रामीणों ने किया राज्यपाल का स्वागतः इससे पूर्व उदयपुरा गांव में पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने राज्यपाल का जोरदार स्वागत किया। आदिवासी परंपरा के अनुसार राज्यपाल का स्वागत किया गया।इससे पूर्व लातेहार पहुंचने पर सर्किट हाउस में राज्यपाल को गार्ड अ०फ ऑनर दिया गया।वहीँ राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यापक प्रबंध रहे ।इस दौरान पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, लातेहार डीसी भोर सिंह यादव, एसपी अंजनी अंजन, डीएफओ रोशन कुमार, एसडीएम शेखर कुमार, एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, अजीत कुमार कैलाश करमाली समेत अन्य पदाधिकारी भी मुस्तैद दिखे।

Bibek Maji (Director) Mob : 7488175500
Kuldeep Pd. Rajak (Director) Mob : 9934576931
SKY VIEW INTERNATIONAL SCHOOL
An English Medium co-educational School
Based on CBSE Curriculum
Hostel Facility for Boys & Girls
Preperation for Admission in Sainik School, Navodaya & Netarhat etc.
Titirchanch, Tilaiya Dam Road, Koderma
Mob # 7070493844

24 घंटे सेवा
HOTEL
9122662308
6299699176
आकाश पैलेस
AC/NON AC ROOMS & MARRIAGE HALL
सागर टेन्ट हाउस

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## नगर पंचायत के निःवर्तमान उपाध्यक्ष ने 12 सूत्री मांगों को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : नगर पंचायत अंतर्गत होल्डिंग टैक्स एवं लातेहार अंचल कार्यालय एवं अन्य महकमों में व्याप्त भ्रष्टाचार के निवारण एवं अकर्मण्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्थानांतरण किए जाने के संबंध में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा ने 12 सूत्री मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापा सौंपा ।सौंपे गए ज्ञापन में 1.लातेहार नगर पंचायत जो मेसो क्षेत्र से संबंधित है नगर के अन्तर्गत मुहैया कराई जाने वाले सुविधाए जो नगर पंचायत के अन्तर्गत आती है, जो राज्य के अन्य नगर पंचायत (न्स्ठ) की अपेक्षा तीन से चार गुणा अधिक है,पदासिन स्थिती में रहते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद पर बोर्ड की बैठक में कम से कम होल्डींग टैक्स पर प्रस्ताव पारित करते हुए सरकार को अवगत भी किया था,बावजूद इसके नगर पंचायत अन्तर्गत रहने वाले लोगों को सुविधा के नाम पर भारी भरकम टैक्स की वसूली की जा रही है,जो बहुत ज्यादा है। मेसो क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए होल्डींग टैक्स कम कराने का अपील किया है।2बेसहारा घर से परित्यक्त एवं मानसिक रूप से विछिप्त जो दीन–हीन अवस्था में मारे–मारे फिरते है ऐसे लोगों का शासन–प्रशासन एवं समाज से सहयोग, सहायता, सदभावना अपेक्षित है क्योंकि ऐसे लोग समाज के अंग है,एसे लोगों के लिए जीवन–यापन एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतू सेल्टर उसकी व्यवस्था कराई जाए।अथवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासिय व्यवस्था एवं देख–रेख तत्काल उपलब्ध कराई जाए क्योंकि ऐसे लोगों के द्वारा यातायात तो बाधित होता ही है,साथ ही दुर्घटनाएं होती रहती है। जन प्रतिनिधी होने के नाते जनहीत में तत्काल कार्यवाई सुनिश्चित किया जाए 3.अंचल कार्यालय, लातेहार,आकंठ भ्रष्टाचार में लिप्त है,जिससे संबंधित दर्जनाधिक पत्राचार आप माननीय को संबोधित प्रेषित है।उक्त को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्यवाई की मांग किया है।4.अंचल कर्यायल, द्वारा अवैध रूप से ग्राम डुरुवा के खातात.... में 7.33 एकड़ जमीन की बंदोबस्ती अना. धिकृत व्यक्ति के नाम से की गई बाद उसके उक्त जमीन की 1.98 एकड़ की जमाबंदी प्रदर्शित की गई इससे स्पष्ट है। भूमि के वास्तविक स्वरूप से एवं सरकारी दस्तावेजों से छेड़खानी कर निहीत स्वार्थ में अंचल कार्यालय,लातेहार द्वारा की गई कार्यवाई की जाँच कराई जाए।5.लातेहार के जगलदगा स्थित जमीन जो रिकार्ड में जंगल प्रदर्शित है उसे कृषि योग भूमि को दर्शाते हुए अवैध रूप से खरीद–बिक्री में सहयोग प्रदान किया गया है,उक्त भूमि की जाँच कराई जाए। जो पंजी–1 (2) में छेड़–छाड़ से संबंधित है। 6. अंचल कार्यालय, लातेहार द्वारा पंजी संख्या–2 में छेड़–छाड़ कर मूल खाताधारक को उसके हक एवं अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया गया है।7.अंचल अधिकारी लाते. हार द्वारा ग्राम अम्बाझारण स्थित भूमि जो भुईया समाज के लागों से संबंधित है सरकारी दस्तावेज में छेड़खानी करते हुए उक्त भूमी को टाना भगत समुदाय के लोगों के नाम हस्तांतरित कर दिया गया। उक्त भूमि भू–अर्जन विभाग द्वारा क्टब के पक्ष में हस्तांतरित की जानी है ऐसे में मिलने वाली जमीन की मुवावजे की राशि भुईयां समाज को होनी थी, उसे टाना भगत के पक्ष में किस अधिकार के तहत भुगतान किया गया / किया जाना है। जाँच कराई जाए।8. अंचल कार्यालय, लातेहार में अराजक तत्वो एवं भू–माफियाओं के सांठ–गांठ से कार्य संपादित होता है,कृ पया जाँच कराई जाए 9. शहर का मुख्य आकर्षण केन्द्र एवं आधुनिक तौर पर सुविधा सम्पन्न स्वामी विवे. कानंद पार्क जो लघु पर्यटक स्थल के रूप में अपना विशिष्ट स्थान रखता है जिसको शीशल रेशा प्ल०ट की बदबू वातावरण को दुषित कर शहर को प्रदुषित कर रही है,इस शीशल प्ल०ट को उसके मुख्य उत्पाद / निमार्ण हेतू ग्राम सबानो,लातेहार में स्थापित कराई जाए।10.अंचल अधिकारी लातेहार को पूर्व उपायुक्त अबूइमरान द्वारा औचक निरिक्षण दरम्यान मिली गड़बड़ीयो को संज्ञान में लेते हुए अंचल अधिकारी लातेहार पर विधिक प्रक्रिया के अन्तर्गत कार्यवाई करने हेतू एवं स्थानांतरण हेतू मंत्रालय /सचिवालय को विधिक कार्यवाई के लिए आग्रह कियाग गया था। साथ ही चेतावनी के रूप पर हिदायत भी दी थी जैसा की मामला संज्ञान में आया था। जाँच कराई जाए।11.अंचल अधिकारी लातेहार द्वारा लोगों को कहते हुए सुना गया है की हमारे खिलाफ पत्राचार अथवा शिकायत करने वाले को मानहानी बै/ज ।बज एवं सरकारी काम में अवरोध उत्पन्न करने के संबंध में केश दर्ज करा कर जेल भेज देंगें ऐसे तानाशाह प्रकृ ति के लोक सेवक को जो जनशिकायत के निवारण के बदल पद गरिमा का घोंस देता है।लातेहार अंचल से स्थानान्तरित करने की मांग करते है।12.नगर पंचायत के अन्तर्गत सरकारी निधि से निर्मित एवं जनउपयोगी सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण बालात अधिग्रहण को मुक्त करने हेतु दिए गए आवेदनों पर अंचल कार्यालय, लातेहार द्वारा कार्यवाई नहीं किए जाने के कारण पूजा स्थल जलाशय,साप्ताहीक मंगला हाट बाजार बाहुबलियों द्वारा अतिक्रमित है,जिसे अविलम्ब निज स्वायत्ता प्रदान कराया जाए।

## वरिष्ठ भाजपा गणेश मिश्र पहुंचे लातेहार, संगठन की मजबूती की चर्चा

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेश मिश्र गुरुवार को लातेहार पहुंचे। भाजपा नेता मोती प्रसाद सोनी के आवास पर श्री मिश्र ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किए।मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मोती प्रसाद सोनी ने उन्हें बताया कि भाजपा कार्यकर्ता आगामी विधानसभा और लोकसभा के चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में चतरा संसदीय क्षेत्र पर भाजपा प्रत्याशी की रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत होगी। वहीं विधानसभा चुनाव में लातेहार जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की जीत तय है। मौके पर श्री मिश्र ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिले इसके लिए सभी नेता और कार्यकर्ता तत्पर रहें। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र प्रसाद समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव के बाजारों में जंगली केंद फल की बिक्री

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव के बाजार में इस गर्मी मे जंगली फलों की खूब बिक्री हो रही है। जंगली फलों में केंद के फल ज्यादा देखने को मिल रहे हैं । बड़कागांव के दैनिक बाजार, हरली, बादम, सांढ़, चंदौल के श्साप्ताहिक बाजारों में केंद के फल की बिक्री 10 प्रति दोना हो रही है. स्थानीय लोगों के अनुसार इन फलों में पौष्टिक तत्व होते हैं।खट्टे मीठे फल पियार और केंद से लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है।जंगली फलों को गरीब– गुरबे के लोग लोग तोड़कर बाजार बेचने आते हैं। प्रखंड के बड़कागांव, खैरातरी, चोरका, पंडरिया, पगार, आंगो, चोराटोंगरी, नापो समेत जंगलों से सटे गांव के लोगों के आर्थिक स्रोत के लिए यह फल वरदान साबित रहा है। गर्मी में फायदेमंद है। पियार– केंद सिर्फ खाने में स्वाद ही नहीं लगती बल्कि गर्मी से राहत भी दिलाती है। दोनों फल सब दिन उपलब्ध नहीं होता ।गर्मी के दिनों दोनों फल काफी मात्रा में मिलता है। इसे खाने के बाद गर्मी से काफी राहत मिलती है। शरीर के लिए फायदेमंद साबित होती है।







